MPHIN/2023/88306
डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26

# यशस्वी दुनिया

खबर वही सोच नई...
साप्ताहिक

सम्पादक
कैलाश विश्वकर्मा
मो.7898341111
yashasviduniya@gmail.com

वर्ष -3 अंक -20 मंदसौर, 5 नवम्बर 2025 बुधवार से 11 नवम्बर 2025 तक पृष्ट -4 किमत 2 रू.

# ग्राम आमली में खेत की विद्युत तार से पांच गायों की मौत, खेत मालिक पर मामला दर्ज

यशस्वी दुनिया ⊙शामगढ़

शामगढ़। सोमवार सुबह शामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम आमली में एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जिसमें खेत की फसल को मवेशियों से बचाने के लिए लगाई गई विद्युत करंट लाइन की चपेट में आने से पांच गायों की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना सुबह लगभग 10 बजे एट लाइन एक्सप्रेसवे पुलिया के पास गोपाल पिता काशीराम व्यास के खेत की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, खेत मालिक गोपाल व्यास ने अपनी खड़ी फसल को मवेशियों के नुकसान से बचाने के उद्देश्य से खेत के चारों ओर करंट प्रवाहित तार लगा रखी थी।

उसी दौरान कुछ मवेशी खेत में प्रवेश कर गए और करंट लगने से पांच गायों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। सूचना मिलने पर ग्राम चौकीदार ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची शामगढ़ थाना पुलिस ने पंचनामा तैयार कर मृत मवेशियों को हटवाया और प्रारंभिक जांच प्रारंभ की। जांच में पाया गया कि खेत में लगी विद्युत तारों में बिजली का करंट प्रवाहित किया गया था, जिससे यह हादसा हुआ। पुलिस ने चौकीदार की शिकायत पर आरोपी गोपाल व्यास के खिलाफ लापरवाही से पशु मृत्यु का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि खेत में लगाई गई विद्युत लाइन वैध थी या अवैध रूप से मुख्य लाइन से जोड़ी गई थी।

इस घटना से ग्रामीणों में आक्रोश है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि ऐसी लापरवाही करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। ग्रामीणों का कहना है कि फसलों की सुरक्षा के लिए वैकल्पिक उपाय किए जा सकते हैं, परंतु करंट दौड़ाकर जानवरों की जान लेना अमानवीय कृत्य है।

यह घटना न केवल पशु संरक्षण कानून का उल्लंघन है बल्कि मानवता पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है। प्रशासनिक स्तर पर भी अब इस तरह की घटनाओं पर सख्ती से निगरानी रखने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

## नवविवाहिता की संदिग्ध मौत, दहेज हत्या का आरोप

### न्याय की गुहार लगाते कलेक्टर के पास पहुंचे पिता, बताई बेटी पर हुए अत्याचार की कहानी

नीमच । जिले के कुकड़ेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम भदाना में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। परिजनों ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई और एक ज्ञापन सौंपा।

मृतका कविता पति वीरेंद्र गोगलिया के पिता गोपाल पिता केशुराम, निवासी जुना भदाना, ने बताया कि उनकी बेटी का विवाह लगभग डेढ़ वर्ष पहले वीरेंद्र गोगलिया से हुआ था। छह माह पूर्व गोना संपन्न होने के बाद कविता अपने ससुराल गई थी। गोपाल के अनुसार, कविता लगातार बताती थी कि उसके सास, ससुर, पति और तीनों ननदें दहेज के लालच में उससे मारपीट करते थे, गाली-गलौज करते थे और अवैध पैसों



के साथ सोने की कंठी की मांग करते थे। उन्होंने अपनी बेटी को छोटी-छोटी बातें कहकर समझाया था ताकि उसका घर न बिगड़े।

ज्ञापन में बताया गया कि 30 अक्टूबर की रात कविता ने अपने पिता को फोन कर बताया कि पति वीरेंद्र, सास मेमा, ससुर हरलाल और तीनों ननदें पूजा, ज्योति, रानू मिलकर उसे लात-घूंसों से बेरहमी से पीट रहे हैं। अगली सुबह लगभग 5-6 बजे उन्हें कविता की मौत की सूचना मिली। मौके पर पहुंचे पिता ने देखा कि उनकी बेटी को गंभीर रूप से पीटा गया था, जिससे उसकी जान चली गई। उन्होंने कुकड़ेश्वर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई और मेडिकल पीएम भी हुआ, लेकिन उनका आरोप है कि आज तक पुलिस ने आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं की है।

पीड़ित परिवार का दावा है कि आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और उनके हौसले बुलंद हैं। वे अब परिवार को जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं, जिससे आवेदक और उनका परिवार डरा हुआ है। गोपाल ने कलेक्टर से थाना प्रभारी कुकड़ेश्वर को निर्देशित कर इस गंभीर मामले में शीघ्र वैधानिक कार्रवाई करने और बेटी के हत्यारों को सजा दिलाने का निवेदन किया है।

## किराना दुकान से ड्रग्स जब्त

### पुलिस ने 11 ग्राम एमडी और 54 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया, दो गिरफ्तार



मंदसौर। जिले की पिपलियामंडी पुलिस ने मंगलवार को अवैध मादक पदार्थ तस्करी में दो लोगों को पकड़ा। उनके कब्जे से 11 ग्राम एमडी और 54 ग्राम ब्राउन शुगर मिली है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि पिपलिया मंडी थाना क्षेत्र के ग्राम बोतलगंज में एक किराना दुकान के अंदर मादक पदार्थ रखा है। सूचना के आधार पर टीम ने वहां छापा मारा। दुकान में मौजूद मजीद पिता इब्राहिम मंसूरी और उनके बेटे समीर पिता मजीद मंसूरी को पकड़ा गया। जब्त ड्रग्स की कीमत करीब 75 हजार रुपए बताई गई है।

### एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज

उपनिरीक्षक एम.एस. धाकड़ ने बताया कि दोनों पर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15, 22 और 29 में मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस उनसे यह पता लगाने के लिए पूछताछ कर रही है कि ड्रग्स कहां से लाई गई थी और इसे किसे बेचा जाना था।

## एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं-48 आवेदकों की शिकायतों का किया निराकरण

मंदसौर। एसपी विनोद कुमार मीणा की अध्यक्षता में आमजन की शिकायतों के त्वरित और विधिसंगत निराकरण के उद्देश्य से नई व्यवस्था के तहत जनसुनवाई आयोजित की गई। यह जनसुनवाई पुलिस कंट्रोल रूम में हुई, जहां पुलिस अधिकारियों ने 48 आवेदकों की शिकायतों का तत्काल समाधान किया।

मिली जानकारी के अनुसार जनसुनवाई में अधिकतर शिकायतें आपसी झगड़े, जमीनी विवाद, पारिवारिक कलह और पैसों के लेनदेन से जुड़ी रहीं। एसपी ने सभी शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित थाना प्रभारियों को जल्द जांच पूरी कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए।

### नई व्यवस्था से आमजन को मिली राहत

आवेदकों की सुविधा के लिए जनसुनवाई को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के स्थान पर शहर के मध्य स्थित जिला पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित किया गया। इस बदलाव से लोगों को पहुंचने में आसानी हुई और समय की बचत भी हुई।

### वरिष्ठ अधिकारी भी रहे मौजूद

जनसुनवाई के दौरान एसपी विनोद मीणा के साथ एडिशनल एसपी टी.एस. बघेल, सीएसपी जितेंद्र भास्कर, एसडीओपी कीर्ति बघेल, एसडीओपी नरेंद्र सिंह सोलंकी, एसडीओपी दिनेश प्रजापति और एसडीओपी विजय यादव मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने अपने-अपने अनुभाग से संबंधित शिकायतों पर त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया। एसपी विनोद मीणा ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत जनसुनवाई में प्राप्त




शिकायतों की जांच और निराकरण अगले सप्ताह की जनसुनवाई से पहले संबंधित एसडीओपी द्वारा किया जाएगा। इससे आमजन को त्वरित न्याय मिलेगा और पुलिस-जन के बीच विश्वास का संबंध और मजबूत होगा।

# संपादकीय

## खेतों की रखवाली या मौत का जाल?

क्षेत्र में लगातार सामने आ रही घटनाएं अब एक गहरी चिंता का विषय बन गई हैं। किसानों द्वारा अपनी फसल की सुरक्षा के लिए खेतों की बाउंड्री पर बिजली के नंगे तार छोड़ना आम बात होती जा रही है। यह प्रवृत्ति न केवल कानूनन गलत है, बल्कि मानवीय दृष्टि से भी खतरनाक और अमानवीय साबित हो रही है।

हाल ही में शामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम आमली में पांच गायों की करंट लगने से हुई मौत ने एक बार फिर इस भयावह समस्या को सामने ला दिया है। किसान नीलगाय और जंगली सूअरों से अपनी फसल को बचाने के लिए मजबूर हैं, क्योंकि इन जानवरों से फसल को भारी नुकसान होता है। लेकिन सवाल यह है कि क्या फसल बचाने के लिए जीवन को खतरे में डाल देना समाधान है?

सरकार और प्रशासन ने नीलगायों को पकड़ने और नियंत्रित करने के कई प्रयास किए – कभी टीम गठित की गई, कभी पकड़ने की योजनाएं बनीं – लेकिन परिणाम हमेशा निराशाजनक रहे। जंगली इलाकों से सटे खेतों में यह समस्या और गंभीर रूप ले चुकी है। किसान असहाय हैं, परंतु यह असहायता अब मौत का कारण बनती जा रही है।

पिछले वर्ष कुरावन में भी इसी तरह के करंट हादसे में एक युवक की मौत हुई थी। आज भी यह सवाल अनुत्तरित है कि वह मौत दुर्घटना थी या लापरवाही का परिणाम। ऐसी घटनाएं न केवल प्रशासन की लापरवाही को उजागर करती हैं बल्कि यह भी दिखाती हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में वन्यजीव नियंत्रण की नीतियां कितनी कमजोर हैं।

अब वक्त आ गया है कि प्रशासन इस मुद्दे को केवल ÷स्थानीय समस्या÷ मानकर न टाले। किसानों को सुरक्षित और कानूनी विकल्प मुहैया कराना आवश्यक है – जैसे सौर चालित फेंसिंग, रात्रिकालीन गश्त, नीलगाय नियंत्रण टीमों की पुनर्सक्रियता और वन विभाग के साथ संयुक्त अभियान।

साथ ही किसानों को भी समझना होगा कि इस तरह की विद्युत बाड़ न केवल पशुओं बल्कि इंसानों के लिए भी घातक साबित हो सकती है। खेत की सुरक्षा के नाम पर यदि जीव हत्या और अपराध बढ़ने लगें तो यह समाज और संवेदना दोनों की हार है।

प्रशासन को चाहिए कि ऐसे मामलों पर सख्त कार्रवाई करते हुए जनजागरूकता अभियान चलाए, ताकि किसानों को यह समझाया जा सके कि बिजली का तार खेत की सुरक्षा नहीं, बल्कि मौत का जाल है।

यदि अब भी हम नहीं जागे, तो अगली खबर किसी जानवर की नहीं, बल्कि किसी इंसान की मौत की हो सकती है।

— संपादक कैलाश विश्वकर्मा
यशस्वी दुनिया

# मंदसौर में खिलाड़ियों का भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदर्शन



मंदसौर। जिले में खेल विभाग की कथित अनियमितताओं और खिलाड़ियों के साथ हो रहे अन्याय के विरोध में मंगलवार शाम को खिलाड़ियों ने गांधी चौराहे पर चक्का जाम कर प्रदर्शन किया। जिला खेल एकता मंच के बैनर तले हुए इस प्रदर्शन में भ्रष्टाचार मुक्त खेल व्यवस्था की मांग उठाई गई। खिलाड़ियों ने जिला क्रीड़ा निरीक्षक बंशीलाल बारिवाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारी खिलाड़ियों ने बताया कि जिले में खेल संबंधी व्यवस्थाएं पूरी तरह अव्यवस्थित हैं। वर्ष 2024-25 और 2025-26 में आयोजित शालेय जिला स्तरीय एवं संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं के प्रमाण पत्र खिलाड़ियों को अब तक नहीं दिए गए हैं। जबकि अन्य जिलों में ऐसी प्रतियोगिताओं के समापन पर ही प्रमाण पत्र वितरित कर दिए जाते हैं। खिलाड़ियों ने यह भी आरोप लगाया कि इस वर्ष शासन द्वारा स्वीकृत स्पोर्ट्स किट (टी-शर्ट, शॉर्ट्स आदि) किसी भी खिलाड़ी को नहीं मिली है। इसके अतिरिक्त, इस सत्र में मंदसौर में केवल दो संभागीय प्रतियोगिताएं ही आयोजित की गईं। पिछले वर्ष यहां आठ संभागीय, चार राज्यस्तरीय और एक राष्ट्रीय प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ था। कालापीपल (शाजापुर) में आयोजित संभाग स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अब तक टीए/डीए भत्ता भी नहीं मिला है। खिलाड़ियों का कहना है कि जब कड़ी मेहनत के बावजूद उन्हें न तो प्रमाण पत्र मिलते हैं, न भत्ता और न ही किट, तो उनका मनोबल गिरता है और खेल के प्रति उनका विश्वास डगमगाने लगता है। प्रदर्शन के बाद खिलाड़ियों ने कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा, जिसमें निम्नलिखित प्रमुख मांगें शामिल थीं- जिला क्रीड़ा निरीक्षक की कार्यप्रणाली की जांच कर विभागीय कार्रवाई की जाए। वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के सभी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र तत्काल वितरित किए जाएं। चयनित खिलाड़ियों को शासन द्वारा स्वीकृत स्पोर्ट्स किट तुरंत प्रदान की जाए। आगामी सत्र से मंदसौर में संभागीय, राज्यस्तरीय एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं नियमित रूप से आयोजित की जाएं। हॉकी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को टीए/डीए भत्ते का शीघ्र भुगतान किया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में राकेश श्रीवास्तव, अविनाश उपाध्याय, आकाश गाजवा, सॉफ्टबॉल संघ सहित विभिन्न खेल संगठनों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे।


ट्रेवल्स
अहमदाबाद, इंदौर, भोपाल, राजकोट, सुरत, बड़ौदा, उज्जैन
मधुर काँटा की नई सौगात
इलेक्ट्रानिक तोलकाँटा
दूध डेयरी का सामान


डेयरी
संबंधित सभी प्रकार की मशीन व मशीन के पार्ट्स उचित दाम पर मिलते है एवं सभी प्रकार की मशीनें रिपेयरिंग की जाती है।
साथ ही
आपके मकान, दुकान, गोडाऊन व व्यावसायिक स्थल की सुरक्षा हेतु
CCTV कैमरे लगवाईये।
L.E.D. T.V., नोट काउंटिंग मशीन
वारंटी व गारंटी के साथ
हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुराने CCTV कैमरे रिपेयर भी किये जाते हैं
मधुर इंटरप्राइजेस ट्रेवल्स & कोरियर
प्रोप्रा. अनुप जैन (कदुभाई), गरोठ वाले
शिव हनुमान मंदिर के पास, मेनरोड़, बस स्टेण्ड, शामगढ़ Mob. 9977003920, 9179928540, 8224851378, 8889305176, 9685258614, 9174077485
हास्पीटल रोड़, गरोठ 9713314588, 7225855268

अनूप जैन




प्रो-टीपू शेख, मो-9893112773 आदिल मो-9806741851
राज लाइट डेकोरेशन
एण्ड डीजे साउंड

हमारे यहां लाईट डेकोरेशन, डीजे साउण्ड, जनरेटर, 5 केवीआर से 125 केवीआर जनरेटर व्यवस्था एवं इलेक्ट्रीक फीटिंग कार्य भी किया जाता है। जनरेटर खरीदे व बेचे जाते है। ए टू जेड जनरेटर व्यवस्था।

चामुण्डा कालोनी, माकड़ी माताजी रोड, शामगढ़



ज्योति ऑप्टीकल एण्ड आई केयर
आईसीआईसीआई बैंक के सामने, सुभाष मार्ग, शामगढ़
Mob.9752457614,9893826814
आधुनिक मशीनों द्वारा आंखो की जांच कर चश्मे बनाये जाते है विश्वसनीय कम्पनियों के चश्मे व गॉगल।
नैत्र रोग विशेषज्ञ- डॉ.विक्रांत भावसार
प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को उपलब्ध रहेंगें
समय प्रातः 10 से 1 बजे तक


# कोटा मंडल में वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का 180 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से सफल ट्रायल –भारतीय रेल ने रचा इतिहास



यशस्वी दुनिया ⊙कोटा

कोटा, । पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल में वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का उच्च गति परीक्षण (स्पीड ट्रायल) 180 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पर सफलतापूर्वक पूरा किया गया। यह उपलब्धि भारतीय रेल के इतिहास में एक नई तकनीकी छलांग साबित हुई है। यह ट्रायल अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन (RDSO), लखनऊ की परीक्षण निदेशालय टीम द्वारा 2 नवम्बर से प्रारंभ किया गया है, जो 17 नवम्बर तक जारी रहेगा। इस परीक्षण का उद्देश्य ट्रेन की तकनीकी दक्षता, ब्रेकिंग सिस्टम, स्थिरता, कंपन और विद्युत प्रणालियों की विश्वसनीयता की जाँच करना है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि यह परीक्षण सवाई माधोपुर-कोटा-नागदा खंड पर किया जा रहा है। इसमें 16 कोच वाले वंदे भारत स्लीपर रेक का उपयोग किया गया, जिसे अधिकतम 180 किमी प्रति घंटे की गति पर चलाया गया। ट्रेन को वास्तविक यात्री भार जैसी स्थिति में चलाया गया, जिसमें 800 टन रेक भार के साथ 108 टन अतिरिक्त भार जोड़ा गया, जिससे कुल भार 908 टन हो गया।

आरडीएसओ के परीक्षण निदेशक श्री राधेश्याम तिवारी के निर्देशन में किए गए इस ट्रायल में रोहलखुर्द-लबान स्टेशन खंड के बीच 50 किलोमीटर तक लॉन्ग कंफर्मेंटरी रन (LCR) सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। साथ ही, ऑसिलेशन टेस्ट और वेट ट्रैक इमरजेंसी ब्रेकिंग टेस्ट भी किए गए, जिनसे ट्रेन की स्थिरता और सुरक्षा का गहन मूल्यांकन हुआ। इस परीक्षण में रेलवे के कई तकनीकी विशेषज्ञों ने भाग लिया, जिनमें मुख्य लोको निरीक्षक श्री रामनिवास मीणा, यातायात निरीक्षक श्री संदीप दुबे, लोको पायलट श्री पंचम सिंह, श्री अभिनंद त्रिगुनयक, श्री राजेश भाटजीवाल, श्री पी.के. जैन, और ट्रेन प्रबंधक श्री धर्मेन्द्र कुमार सैनी शामिल रहे।

वंदे भारत स्लीपर रेक नवीनतम डिजाइन की संशोधित बोगियों से लैस है, जो उच्च गति पर भी बेहतर स्थिरता और आराम प्रदान करती हैं। यह परीक्षण न केवल भारतीय रेल की तकनीकी क्षमता का परिचायक है, बल्कि मिशन रफ्तार और मिशन गति शक्ति के तहत देश के उच्च गति रेल नेटवर्क की दिशा में एक निर्णायक कदम भी है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि यह ट्रायल भारतीय इंजीनियरिंग, अनुसंधान और स्वदेशी तकनीकी क्षमता की उत्कृष्ट मिसाल है, जो आने वाले समय में भारत को हाई-स्पीड रेल के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों तक ले जाएगी।

# गौ तस्करी के विरोध में प्रदर्शन -बजरंग दल ने किया चक्काजाम



मंदसौर जिले के सुवासरा में गौ तस्करी की बढ़ती घटनाओं और प्रशासन की ढिलाई के विरोध में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार पेट्रोल पंप चौराहे पर धरना प्रदर्शन कर चक्काजाम किया।

कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार गौ संरक्षण के बड़े-बड़े वादे कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति इसके विपरीत है। उनके अनुसार, गौ तस्कर लगातार सक्रिय हैं और पुलिस प्रशासन की लापरवाही के कारण उनके हौसले बुलंद हो रहे हैं।

सूत्रों के मुताबिक, बीती रात बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गौ तस्करी में इस्तेमाल हो रहे एक पिकअप वाहन सहित गौवंश को पकड़ा था। पुलिस प्रशासन द्वारा इस मामले में तत्काल कार्रवाई न करने के विरोध में यह प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन के दौरान एसडीओपी प्रजापति और थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि सात दिनों के भीतर संबंधित गौ तस्करों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस आश्वासन के बाद कार्यकर्ताओं ने अपना धरना समाप्त कर दिया।













# मंदसौर में सिंहस्थ 2028 की तैयारियां तेज-कलेक्टर ने की समीक्षा, सभी विभागों को समय पर निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश




मंदसौर। आगामी सिंहस्थ महापर्व की तैयारियों को लेकर जिला स्तर पर निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आज (मंगलवार) जिला पंचायत सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर अदिती गर्ग ने की। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन, पीआईयू, पीडब्ल्यूडी, सेतु निगम, एमपीआरडीसी और नगर पालिका सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि सिंहस्थ का अवसर जिले के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे समयबद्ध रूप से निर्माण कार्य पूरे करें, ताकि आमजन और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इन कार्यों को सिंहस्थ मद और विभागीय मद के माध्यम से पूरा किया जाएगा। कलेक्टर ने सभी विभागों को अपने निर्माण कार्यों की डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट), टेंडर प्रक्रिया और अन्य संबंधित कार्रवाई शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

सिंहस्थ निर्माण कार्यों के अंतर्गत जिले में कई प्रमुख कार्य किए जाएंगे। इनमें भगवान पशुपतिनाथ मंदिर से महू-नीमच रोड तक शिवना पथ का निर्माण, शिवना तट पर घाट निर्माण एवं सौंदर्यीकरण, पशुपतिनाथ मंदिर से नालछा माता बायपास मार्ग तक सिंहस्थ पथ का निर्माण, दुधाखेड़ी माताजी मंदिर में भक्त निवास का निर्माण शामिल है। इसके अतिरिक्त, गरोठ-बोलिया मार्ग पर पोलाडुंगर से भानपुरा तक सड़क निर्माण, कालाखेड़ा से पोलाडुंगर ढाबला गुर्जर तक टू-लेन सड़क निर्माण, मेलखेड़ा, चंदवासा, धर्मराजेश्वर मार्ग का टू-लेन चौड़ीकरण, मंदसौर में बस टर्मिनल का निर्माण, मंदसौर विश्राम भवन परिसर में 20 कक्षों वाले विश्राम भवन का निर्माण भी प्रस्तावित है। शिवना नदी पर नया ब्रिज निर्माण, भगवान पशुपतिनाथ मंदिर में भक्त निवास गृह निर्माण, शहर में डिवाइडर निर्माण एवं स्ट्रीट लाइट व्यवस्था, गांधी सागर में सर्वसुविधायुक्त प्रतीक्षालय, रिसोर्स सेंटर एवं कार्यालय का निर्माण, मल्टी लेवल पार्किंग के साथ मंदसौर शहर में गीता भवन, दो स्वागत द्वार एवं कूलिंग कॉरिडोर हरित पथ का निर्माण कार्य भी किए जाएंगे। बैठक में नगर पालिका को तेलिया तालाब में पर्यटकों के लिए बोटिंग सुविधा शुरू करने के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने जोर देकर कहा कि सिंहस्थ से पहले सभी कार्यों के निर्माण में समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को उत्तम व्यवस्थाएं मिल सकें।

## मंदसौर विधायक विपिन जैन ने सीएम से की मुलाकात

# मास्टर प्लान को लेकर सुझाव दिए, पशुपतिनाथ लोक चरण-2 सहित विकास के कई प्रस्ताव सौंपे



मंदसौर। विधायक विपिन जैन ने भोपाल में मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मंदसौर मास्टर प्लान-2041 को लेकर सुझाव दिए और कुमावत समाज की प्रभावित भूमि संबंधी मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की।


विधायक जैन ने मंदसौर विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव प्रस्तुत किए। इनमें पशुपतिनाथ लोक के दूसरे चरण के लिए 25 करोड़ रुपए की स्वीकृति का प्रस्ताव शामिल है।

इसके अतिरिक्त, महाराणा प्रताप चौराहा से नयापुरा शुक्ला चौक होते हुए प्रतापगढ़ पुलिया तक सीसी सड़क निर्माण एवं चौड़ीकरण का प्रस्ताव दिया गया। राजाराम फैक्ट्री से काबरा पेट्रोल पंप मार्ग के सीसी सड़क निर्माण और चौड़ीकरण का भी प्रस्ताव रखा गया। ग्रामीण क्षेत्रों में निंबोद और खजुरिया सारंग हाई स्कूल को हायर सेकेंडरी में उन्नत करने का प्रस्ताव भी मुख्यमंत्री को सौंपा गया। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्र की 12 प्रमुख सड़कों के निर्माण, ग्राम पंचायतों में मांगलिक भवन निर्माण और विभिन्न मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए राशि स्वीकृति के प्रस्ताव भी दिए गए। विधायक विपिन जैन ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से इन सभी प्रस्तावों पर शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया।

# सीतामऊ में अधूरी सुविधाओं के बीच 20 करोड़ से बने सिविल हॉस्पिटल का लोकार्पण 6 नवम्बर को, कांग्रेस ने उठाए सवाल

यशस्वी दुनिया ⊙सीतामऊ

मंदसौर/सीतामऊ। नगर से लगभग दो किलोमीटर दूर अधूरी सुविधाओं के बीच तैयार किए गए करीब 20 करोड़ रुपये की लागत वाले सिविल हॉस्पिटल का लोकार्पण 6 नवम्बर को किया जाना प्रस्तावित है। हालांकि, अस्पताल के कई जरूरी कार्य अभी तक पूरे नहीं हुए हैं। ऐसे में कांग्रेस ने इस जल्दबाजी पर सवाल उठाते हुए कहा है कि यह कार्यक्रम केवल लोकप्रियता हासिल करने का प्रयास है। जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष गोविंद सिंह पवार ने बताया कि अस्पताल भवन में सुरक्षा व्यवस्था, एप्रोच रोड, पोस्टमार्टम रूम, बाउंड्री वॉल, ड्रेनेज सिस्टम जैसी कई आवश्यक सुविधाएँ अब तक अधूरी हैं। खुद मुख्य चिकित्सक भी यह स्वीकार कर चुके हैं कि निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हुआ है। इसके बावजूद आनन-फानन में अस्पताल का लोकार्पण किया जा रहा है। श्री पवार ने कहा कि वर्तमान में यह स्वास्थ्य केंद्र नगर के मध्य स्थित है और रेफरल हॉस्पिटल के रूप में अपनी पहचान बनाए हुए है। ऐसे में सवाल यह



उठता है कि नगर से दूर अधूरी सुविधाओं वाले नए भवन में स्थानांतरित होने के बाद यह अस्पताल अपनी पुरानी उपयोगिता और छवि को बनाए रख पाएगा या नहीं।कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि सीतामऊ में अधूरी परियोजनाओं का इतिहास नया नहीं है। पूर्व में चंबल पेयजल योजना का शुभारंभ भी जल्दबाजी में किया गया था, जिसके दुष्परिणाम आज तक नगरवासी भुगत रहे हैं। कभी पाइपलाइन फूटती है, तो कहीं पाइप खुले पड़े नजर आते हैं। शहर की आधी आबादी आज भी पुराने जल स्रोतों पर निर्भर है। उन्होंने बताया कि विधानसभा द्वारा गठित भोपाल जांच दल ने पेयजल योजना में कई तकनीकी खामियों की पुष्टि की थी, जो आज भी जस की तस हैं। इसी तरह तालाब सौंदर्यीकरण कार्य और राधा बावड़ी के भी अधूरे पड़े हैं। स्टेडियम अब असामाजिक तत्वों का अड्डा बन चुका है। श्री पवार ने कहा कि बार-बार अधूरी योजनाओं का लोकार्पण कर जनता को भ्रमित करने की परंपरा बंद होनी चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि जब अस्पताल के मूलभूत ढांचे और आवश्यक व्यवस्थाएं ही अधूरी हैं, तो क्या प्रशासन और जनप्रतिनिधि इस जिम्मेदारी से बच सकते हैं? में उन्होंने कहा कि अस्पताल के लोकार्पण से पूर्व प्रशासन को स्पष्ट रूप से यह बताना चाहिए कि अधूरे कार्य कब तक पूरे होंगे, ताकि जनता को भ्रमित न किया जाए और नई स्वास्थ्य सुविधा वास्तव में उपयोगी साबित हो सके।





समस्या अनेक समाधान एक

अब आप अपने व्यापार एवं जीवन से संबंधित कई कार्य आसानी से कर पाएंगे..सिर्फ एक संपर्क पर

ONE DESK BUISNESS SOLUTIONS PVT LTD

आपके लिए लाया है

GST,Income Ta& ,Loan & Subsidy Services,Trust & Society Registration ,Startup Consultancy,Company/LLP Incorporation

की सेवाओं के साथ सिर्फ एक कॉल पर उपलब्ध संपर्क करे...

ONEDESK BUSINESS SOLUTIONS PVT. LTD.

पाटिल कॉलोनी H.N 34/35
मंदसौर 458001

Contact us -9109464400
onedeskwy@gmail.com
222.onedeskbiz.com

SEBI Reg. 2100274304

17 वर्षो से आपकी सेवा में

THE MONEY MAKER

INVESTMENTS & SOLUTIONS SERVICES

NSE, BSE, MCX, NCDEX Authorized

हमारी सेवाएँ - डिमेट U A/C, IPO, MUTUAL FUND, SIP, TAX सेविंग स्कीम, हैल्थ इंश्यूरेंस, लाईफ इंश्यूरेंस, शेयर ट्रेडिंग, कमोडिटी ट्रेडिंग, करंसी ट्रेडिंग, ऑपशन ट्रेडिंग, गर्वमेंट बॉड, कॉरपोरेट एफडी एवं फिजिकल शेयर सर्टिफिकेट और म्यूच्वल फंड केश करवाये जाते हैं ।

संपर्क करे-श्री मल्हार काम्पलेक्स
डिम्पल चौराहा, शामगढ़ प्रोप्रा. अमित हरदे
संपर्क करे-मो. 9826783941, 9424083941


स्वामित्वाधिकारी, कैलाश विश्वकर्मा के लिए मुद्रक के द्वारा नकुल कंप्यूटर्स एंड ऑफसेट प्रिंटर्स नाकोड़ा परिसर, गली नंबर 2 जीरागंज, मंदसौर (म.प्र.) से मुद्रित कर सुभाष मार्ग, शामगढ़ जिला मंदसौर (म.प्र.) से प्रकाशित,डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26 (संपादक कैलाश विश्वकर्मा) मो. 7898341111 MPHIN/2023/88306